**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस दौरान आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक समावेशी और सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आशा, विश्वास और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

---

**बिंदल**

इस बीच केन्द्र की मोदी सरकार के सत्ता में 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में आज भाजपा के संगठनात्मक ज़िला सुंदरनगर में पार्टी ने एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि वर्ष 2014 भारत के इतिहास में एक टर्निंग प्वाइंट बनकर आया और भ्रष्टाचार, घोटालों तथा अस्थिरता से त्रस्त देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक निर्णायक नेतृत्व मिला। बिंदल ने कहा कि इन 11 सालों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि जहां चारों ओर फोरलेन, नेशनल हाईवे, फाईव–जी नेटवर्क, हवाई अड्डों और मैडिकल कॉलेजों का जाल बिछा हैं, वहीं देश ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि भारत अब हथियारों के आयातक से निर्यातक बन चुका है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इन 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं की मदद से 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक गरीबी हटाओ जैसे नारों से जनता को गुमराह किया।

---

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार किन्नौर ज़िला में निर्माणाधीन 4 सौ 50 मैगावॉट की शौंगटौंग पन बिजली परियोजना को नवम्बर 2026 तक बनाकर तैयार कर लेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा हो जाने पर प्रदेश सरकार के राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री किन्नौर ज़िला के अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन आज इस पन बिजली परियोजना के कार्य का जायज़ा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण आर्थिक संकट के बावजूद प्रदेश सरकार बेहतर कार्य कर रही है और कर्मचारियों से किया गया ओपीएस का वायदा सरकार ने निभाया है। उन्होंने कहा कि ओपीएस लागू करने के कारण प्रदेश की ऋण लेने की सीमा 16 सौ करोड़ रूपये कम कर दी गई है।

-------------------------------------------------------

**बैठक**

भारतीय डाक फैडरेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन 5 व 6 जुलाई को सोलन में आयोजित होगा। फैडरेशन के सचिव अनंत कुमार ने आज सोलन में कहा कि इस सम्मेलन में देशभर से डाक विभाग के कर्मचारी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में कर्मचारियों की समस्याओं को सुना जाएगा ताकि उन्हें उचित पटल पर रखकर उनका समाधान किया जा सके।

-------------------------------------------------------